2025/501

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास– **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी **बनाम** **अप्रार्थी**

विशना राम सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :– 389/2025

दिनांकः– 11/8/2025

–::आदेश::–

प्रार्थी **विशना राम** पुत्र श्री **धोकल राम** जाति **भाट** निवासी **पडासलां खुर्द** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **पडासलां खुर्द** की जमाबंदी संवत् **2076 से 2079** के खाता सं. 18 के ख़सरा नंबर 55 में दर्ज अशुद्ध नाम **किसनाराम पुत्र धोकलाराम** जाति **भाट** निवासी **पडासलां खुर्द** का शुद्ध नाम **विशनाराम पुत्र** श्री **धोकल राम** जाति **भाट** निवासी **पडासला खुर्द** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर. एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा

न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बिलाडा